दिनांक 16 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अमृत मिशन फेस टू के तहत नवनिर्मित हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी के डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन की हो रही है सफाई , पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने निगम की कयावद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन फेस टू के तहत हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी का निर्माण किया गया है घरों तक पानी पहुंचाने के लिए इस टंकी से वितरण पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसकी सफाई की जा रही है ताकि शुद्ध पेयजल क्षेत्रवासियों को मिल सके! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है जिसके तारतम्य में अधिकारियों द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय करने कार्य किया जा रहा है! कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाउसिंग बोर्ड के समीप के क्षेत्रों को जल प्रदाय करने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है तथा वितरण पाइपलाइन लगभग 35 किलोमीटर तक बिछाई गई है जिसको प्रारंभ करने के लिए निगम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है इसी के तहत वितरण पाइपलाइन बिछाने के पश्चात पाइप के गंदगी को बाहर निकालने तथा नलों में किसी भी प्रकार की गंदगी/ कचरा नहीं फंसने देने के लिए इसकी सफाई की जा रही है! हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी से आम्रपाली ,फौजी नगर, तीन मंजिल एवं 32 एकड़, घासीदास नगर, पीली पानी टंकी के कुछ स्थानों पर, गुरुद्वारा के समीप आदि क्षेत्र को पानी दिया जाएगा ! नए पाइपलाइन बिछाने के दौरान ईट , पत्थर इत्यादि गंदगी पाइप में होने की संभावना रहती है इसको साफ करने के लिए उच्च स्तरीय जलागार से वितरण पाइपलाइन में पानी छोड़कर तथा इंडकैप को खोलकर गंदे पानी को बाहर निकाला जाता है ,

जनसंपर्क अधिकारी